तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 किसान और व्यापारी बगैर मंडी शुल्क के कहीं भी बेच सकेंगे अनाज



10 दोपहिया चोर गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार...



## खबर संक्षेप

### बीएसपी कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा गैर संकार्य विभाग के कार्मिकों के लिए कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। माह सितम्बर अक्टूबर और नवम्बर के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट विद्याराम, सेक्शन एसोसिएट अजय मिश्रा, इंजीनियरिंग एसोसिएट सीताराम साहू, इंजीनियरिंग एसोसिएट भूपाट राव बोरकर, अनुभाग अधिकारी चन्द्राकली, इंजीनियरिंग एसोसिएट ललन सिंह, सेक्शन एसोसिएट शशिकला साहू, और एडमिनिस्ट्रेटिव एसोसिएट दीपाली प्रसाद को कर्म शिरोमणि पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।कर्मचारियों को मुख्य महाप्रबंधकसंदीप माथुर, उत्पल दत्ता, इन्द्रजीत सेनगुप्ता और जगन्नाथ रथ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक रवि फुले, , सहायक महाप्रबंधक कोमल मेहरा, वरिष्ठ प्रबंधक व्हीके भोण्डेकर, वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा, सहायक महाप्रबंधक नरेंद्र इंगले, जीएमवी पद्मिनी, वरिष्ठ प्रबंधक एमवीवी प्रसाद और सहायक प्रबंधक देवानंद चैहान उपस्थित थे।

### त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग, 6 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में हुए युवक के हत्या मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालक, एक युवती और दो युवको को गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर टीआई केशवराम कोशले ने बताया कि कसारीडीह पुलिस लाइन निवासी चेतन साहू 26 वर्ष नामक युवक का प्रेम प्रसंग घर के पास रहने वाली युवती के साथ चलता था। युवक व युवती की माताएं पुलिस विभाग में पदस्थ है। घटना के कुछ दिन पूर्व युवती के मां का ट्रांसफर सरगुजा हो गया। युवती भी उसके साथ सरगुजा चली गई, जहां सरगुजा निवासी युवक कुलेश्वर साहू के प्रति युवती रोशनी लकड़ा आकर्षित हो गई। इस दौरान चेतन भी युवती को फोन करता था जिससे वह परेशान हो गई थी। 24 दिसंबर को रोशनी अपनी मां के साथ दुर्ग आई थी। चेतन रोशनी से मिलने के लिए बोला लेकिन युवती उससे मिलने से इंकार कर दिया। चेतन की बात रौशनी ने सरगुजा वाले प्रेमी कुलेश्वर साहू को बताई। कुलेश्वर ने चेतन को ग्राउंड में बुलाने रोशनी से कहा और हत्या का प्लान तैयार कर लिया। जैसे ही चेतन को मिलने पहुंचा कुलेश्वर के साथ विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर तीन अपचारी बालक. कुलेश्वर, आकाश देशलहरे ने मिलकर लाठी डंडे से चेतन को दौडा दौड़ाकर पिटाई कर दी। घटना में अपनी जान बचाते हुए घर के बाउंड्रीवाल से कूद कर पहुंचे लेकिन पैर सिल्प होने से आरोपियों के हत्थे चढ़ने पर उसे मौत के घाट उतार दिया।

### बॉस्केटबॉल में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी विजेता

**भिलाई।** संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर बिहार द्वारा एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित ईस्ट जोन विश्वविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की टीम विजेता रही। टीम में शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 7 खिलाड़ी शामिल थे। उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के कारण टीम विजयी हुई। कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत डी अनुषा को प्रतियोगिता का उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार एवं उनकी बहन डी. कीर्ति को सर्वोच्च बॉस्केट अवार्ड से नवाजा गया। डी. कीर्ति अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले चुकी हैं। डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि दोनों बहनों ने प्रतियोगिता में क्रमशः निम्न अंक अर्जित किए। बिहार के विरूद्ध डी. कीर्ति ने 06, रविशंकर यूनिवर्सिटी के विरूद्ध 26, वर्धमान के विरूद्ध 17, कोलकाता के विरूद्ध 13, बी एचयू के विरूद्ध 31, उत्कल के विरूद्ध 26 गोल किए।

## नववर्ष : जमकर हुई आतिशबाजी, डीजे की धुन पर थिरकती रही युवाओं की टोली

# बीते साल को दी विदाई, नए साल का किया जोरदार स्वागत, डांस और पार्टी में डूबे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साल 2024 की विदाई और वर्ष 2025 के स्वागत के लिए मंगलवार की रात शहर के रेस्टोरेंट्स सहित कॉलोनियां गुलजार रहे। नूतन वर्ष के आगमन पर लोगों ने डीजे की धुन पर खूब धमाल किया। रात भर गीत संगीत के बीच पार्टियों का दौर चलता रहा। लोगों ने एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर कहकर नए साल की बधाई दी। नए साल के जश्न को लेकर शहर के कई रेस्टोरेंट में कई दिनों पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी थी। रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया।

ग्राहकों के लिए विशेष पकवान भी खासतौर पर तैयार किए गए। शाम ढलते ही होटलों और कालोनियों तथा चौराहों प चहल-पहल बढ़ गई थी और साल की आखिरी रात को यादगार बनाने युवाओं ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान डीजे पर युवाओं ने जमकर डांस किया। कई स्थानों पर नववर्ष की शुरुआत पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भोजन का भी आयोजन किया गया। बाजारों में नववर्ष की पूर्व संध्या पर खासी रौनक दिखाई दी। दुकानों पर ग्रीटिंग कार्ड की जमकर बिक्री हुई लोग ग्रीटिंग कार्ड तथा एसएमएस के जरिए एक दूसरे को नए साल की बधाई देते रहे। वर्ष 2025 के स्वागत में बच्चे व युवा मस्ती में डूबे रहे। शुभकामना देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। नए वर्ष पर दुर्घटनाओं को रोकने पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। सबसे अधिक फोकस शहर पर किया गया। थानेदार से लेकर पुलिस के आला अधिकारी रात भर गस्त करते रहे।





### आतिशबाजी के साथ नववर्ष का स्वागत

नए वर्ष 2025 की रात जैसे ही नए वर्ष में दस्तक दी लोगों ने आतिशबाजी कर नए साल का स्वागत किया। देर रात तक युवाओं की टोली न्यू ईयर के जश्न में डूबी रही। वहीं, मंगलवार को पिकनिक स्पॉट लोगों की भीड़ से गुलजार नजर आए। शहर तथा अंचल में नए वर्ष के आगमन की तैयारी में जुटे विभिन्न संगठन युवाओं की भीड़ मंगलवार को अपने अपने तरीके से नए वर्ष मनाने की तैयारियां की थीं, जिसके नजारे शाम से ही नजर आने लगे। कुछ लोगों ने जहां अपने मोहल्ले एवं कॉलोनियों में ही नए वर्ष को लेकर तैयारी की थी, तो वहीं कुछ संगठनों ने रेस्टोरेंट्स व होटलों में नए वर्ष मनाया।

### प्राथमिक शाला दाढ़ी में रंगोली सजाकर किया नववर्ष का स्वागत

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय दाढ़ी में नए वर्ष का स्वागत परंपरागत रूप से उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में रंगोली सजाई। प्रधान पाठक चंद्रभान सिंह धुर्वे ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया तथा नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर महेश्वर सिंह चंदेल, आरती गुप्ता, भुनेश्वरी कुंभकार, उर्मिला साहू, अनव्य गुप्ता सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।




### मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

2025 साल का पहला दिन 1 जनवरी बुधवार को लोगों ने अपने परिवारों के साथ अंचल के प्रसिद्ध मंदिरों में माथा टेक कर दर्शन किया और नए साल में सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान देखा गया कि जिला मुख्यालय के देवी मंदिरों के साथ-साथ अंचल के प्रसिद्ध मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी हुई थी।

### फूलों और गिफ्ट की दुकानों में रही भीड़

नव वर्ष के स्वागत के लिए फूलों की दुकान और गिफ्ट स्टोर पर रौनक दिखी। मंगलवार को लोगों ने जमकर खरीदारी की। युवक व युवतियों की पसंद जहां गुलाब की पंखुड़ियां रहीं, वहीं अधिकारियों व कर्मचारियों को फूलों के गुलदस्ते पसंद आए। नववर्ष के लिए अन्य स्थलों से खासतौर पर फूल मंगाए गए थे।

### हजारों लीटर शराब गटक गए

नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर की रात पूरे शहर में पार्टियों का दौर चला। साल के आखिरी दिन की विदाई और नए साल के स्वागत में रात भर युवाओं की महफिलों में शराब छलकती रही। हालांकि ऐसे लोगों पर नजर रखने के लिए पुलिस अधिकारी सड़क पर घूमती रही। खुले मैदानों सहित पिकनिक वाले क्षेत्रों में जमकर पार्टी शराब और मुर्गे की पार्टी चलती रही, जो कि दूसरे दिन 1 जनवरी को भी दिनभर जारी रही।

## पांच पेटी से अधिक देशी व अंग्रेजी शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नए वर्ष की पूर्व संध्या पर आबकारी विभाग ने दो पहिया वाहन में अवैध रूप से पांच पेटी से अधिक शराब ले जाते 20 वर्षीय युवक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी युवक के पास से 160 पौवा देशी मसाला व 80 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल शराब बरामद किया। मौके पर आरोपी शिवम महोत्तर के विरुद्ध प्रकरण कायम कर उसे गिरफ्तार कर रिमांड में लिया गया।

आबकारी निरीक्षक निवेदिता मिश्रा ने बताया कि अवैध मदिरा परिवहन की जानकारी मुखबिर के जरिए मिली। सूचना उपरांत आधार पर नांदघाट से मालदा मार्ग में थाना क्षेत्र नांदघाट अस्थाई नाका लगाया गया। नाका में संदिग्धता के आधार पर वाहनों की तलाशी व जांच की गई, जांच तलाशी के दौरान आरोपी शिवम मनोत्तर ग्राम कुरा थाना नांदघाट निवासी के वाहन की तलाशी ली गई। आरोपी के कब्जे से 160 नग दे.म.मसाला तथा 80 नाग पाव अंग्रेजी मदिरा गोवा स्पेशल पाया गया। इस तरह आरोपी से जब्त मदिरा- 43.220 बल्क लीटर के साथ एक दोपहिया बाइक जब्त की गई। उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) 59(क) 34(1)(क) -01 का अपराध दर्ज किया गया। उक्त कारवाई में आबकारी वृत्त नवागढ़ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा, आरक्षक महेंद्र नाग तथा वाहन चालक शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा माह में हेलमेट रैली, रंगोली प्रतियोगिता सहित होंगे विविध कार्यक्रम

### पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभारी अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एसपी रामकृष्ण साहू ने सड़क सुरक्षा माह 2025 के आयोजन पर यातायात प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान हेलमेट रैली, रंगोली प्रतियोगिता, वाहन चालकों का स्वस्थ्य परीक्षण शिविर सहित विभिन्न कार्यक्रम किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि हेलमेट रैली के साथ साथ निबंध, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता, लर्निंग लायसेंस कैंप लगाकर आम जनों के बीच यातायात के नियमों से संबंधित जानकारी देकर उन्हें जागरूक करने के लिए मुहिम चलाएं। इसके अलावा एसपी ने अंजोर रथ के माध्यम से यातायात जन चौपाल की सलाह दी।

बैठक में उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा, यातायात प्रभारी उप निरीक्षक प्रवासी यादव, प्रधान आरक्षक खोमलाल साहू सहित अन्य स्टाफ शामिल रहे।



## छत्तीसगढ़ महिला कोष और सक्षम योजना के तहत महिलाओं को दिए गए 20 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना के तहत नए साल के पहले दिन 14 महिलाओं को कुल 19.80 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसमें सक्षम योजना के तहत 10.80 लाख और स्व सहायता समूहों को 9.00 लाख की सहायता दी गई।

- नए साल के पहले दिन प्रदान किया गया चेक

योजना के तहत नव जीवन स्व सहायता समूह, लक्ष्मी स्व सहायता समूह बेरला, रीनू उन्नति बहिनी स्व सहायता समूह खपरी, सत्य कबीर महिला स्व सहायता समूह केशला, संतोषी स्व सहायता समूह दर्रीपारा नवागढ़, लक्ष्मी स्व सहायता समूह पिपरभट्ठा एवं चमेली यदु मटका, यसोदा यदु, रश्मि यदु, गौरी यदु बिजभाट, अनिता यदु बिजभाट, पुष्पा यदु, रानी देवांगन, जानकी देवांगन को जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा राशि का चेक प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस योजना के तहत न केवल महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, बल्कि उन्हें समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा में सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आर्थिक सहयोग के माध्यम से महिलाओं को उनके परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाया जा रहा है।

### शासकीय विद्यालय भनसुली के विद्यार्थियों ने ग्राम भैंसा स्थित कृषि फार्म का किया भ्रमण

# कृषि छात्रों ने जाना हाईटेक खेती का तरीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समग्र शिक्षा के अंतर्गत व्यावसायिक कोर्स के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली के कक्षा-9वी,10वी,11वी एवं 12वी के कृषि के विद्यार्थियों ने अरोरा कृषि फार्म ग्राम भैंसा में औद्योगिक भ्रमण किया।

जहाँ फार्म प्रबंधक रवि पटेल ने विद्यार्थियों को कृषि से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं के अंतर्गत पपीते, केले, गन्ने, टमाटर और जिमीकंद आदि फसलों की विभिन्न किस्मों, सिंचाई के तरीकों, कीटों व रोगों की पहचान, प्रबंधन उपायों तथा मार्केटिंग के विषय में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण की कड़ी में विद्यार्थियों ने नर्सरी प्रबंधन के अंतर्गत प्रो-ट्रे में नर्सरी तैयार करने के तरीकों, नर्सरी के लिए आवश्यक सामग्री के अंतर्गत कोको पिट, परलाइट, परकोलाइट आदि के संगठन तथा प्रो-ट्रे से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से जाना। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उन्नत खेती में प्रयोग होने वाले कृषि उपकरणों के अंतर्गत रोटावेटर, गन्ना ट्रांसप्लान्टर, हार्वेस्टर, थ्रेशर, डिस्क हैरो, मोल्ड बोर्ड प्लाऊ तथा सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत ड्रिप व स्प्रिंकलर सिस्टम के अवयवों की पहचान, कार्य प्रणाली एवं टपक सिंचाई के फायदे तथा संचालन के तरीके बताए गए। उसके बाद श्री पटेल ने मल्चिंग क्या है, कैसे करते हैं तथा वर्तमान में मल्चिंग से होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



### विद्यार्थियों ने देखी गन्ने से गुड़ बनाने की प्रक्रिया

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गन्ने से गुड़ बनाने की प्रक्रिया भी देखी। इस प्रकार औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आकर्षक, रोचक एवं लाभदायक रहा। प्राचार्य सुरेश चन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यालय के कृषि प्रशिक्षक लेख राम वर्मा, चोला साहू, विजय बंजारे एवं धर्मेन्द्र साहू उपस्थित रहे।

हरिभूमि

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री ने कुनबी समाज के कैलेंडर का किया विमोचन



**रायपुर।** प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन रायपुर छत्तीसगढ़ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने बंगले पर मंगलवार को किया। इस मौके पर प्रदेश सचिव अमित डोये ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज भवन गोंदवारा में निर्मित भवन के लोकार्पण का आमंत्रण भी समाज के प्रतिनिधियों ने दिया, जिस पर उन्होंने सहमति जताई है। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर महिला अध्यक्ष सारिका गेडेकर, सचिव अमित डोये, निकेश तितरमारे, ज्ञानेश्वर जमजारी, दिलीप गेडेकर, दिनेश पागोटे, मनीषा बारसे, गार्गी गेडेकर, विजेता शेंडे, संगीता भंडारकर की उपस्थिति रही।

### श्रीमद भागवत कथा आज निकलेगी शोभायात्रा



**रायपुर।** मिरानी ग्रुप द्वारा राजधानी रायपुर स्थित जैनम मानस भवन में 2 जनवरी से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा के लिए अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक रमेश भाई ओझा 1 जनवरी की शाम 4 बजे पोरबंदर गुजरात से चार्टर प्लेन द्वारा रायपुर पहुंचेंगे। विमानतल पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। कथा की शुरुआत 2 जनवरी को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगी और महाराज द्वारा रसराज प्रभु की कथा अविरल 8 जनवरी तक प्रवाहित होगी। कथा का रोजाना समय शाम 4 से 7.30 बजे तक रहेगा। आस्था व धर्म संदेश चैनल पर कथा का सीधा प्रसारण भी होगा। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि कथास्थल को पूरी तरह धार्मिक परिवेश में भव्य रूप से सजाया गया है। विशाल मंच धार्मिक सचित्रों से ओत-प्रोत है। अंदर हॉल में करीब तीन हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है और बाहर सुव्यस्थित डोम में भी दो हजार लोग बैठ सकेंगे। बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे, इसलिए जैनम मानस भवन के बाहर पार्किंग की चुस्त व्यवस्था की गई है, जिससे तीन से चार हजार वाहन आसानी से पार्क हो सकेंगे। पेयजल व चाय की व्यवस्था भी श्रद्धालुओं के लिए रखी गई है।

### महादेवघाट के नए खेल मैदान पर तीन से वॉलीबॉल स्पर्धा




**रायपुर।** महादेवघाट में नवनिर्मित वॉलीबाल ग्राउंड पर मास्टर्स गेम्स एसोसियेशन छत्तीसगढ़ और हटकेश्वरनाथ वॉलीबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अखिल भारतीय मास्टर्स 40 प्लस पुरुष एवं ओपन महिला वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन 3 से 5 जनवरी तक किया जा रहा है। मैच का उद्घाटन 3 जनवरी को सुबह 9 बजे किया जायेगा। संघ के संरक्षक अनुराग राठी, अध्यक्ष सैयद अनवर अली, संयोजक मंगलेश्वर सिंह, सचिव रमाकांत निषाद ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। पदाधिकारियों ने बताया मास्टर्स 40 प्लस पुरुष वर्ग में दुबई, केरल, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, ओडिशा, एनएमडीसी किरंदुल, कोरबा और हटकेश्वरनाथ रायपुर की टीमें भाग लेंगी। इसी तरह ओपन महिला वर्ग में कोलकाता, पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, सांई रायपुर, भिलाई नगर और हटकेश्वरनाथ रायपुर की टीमें शामिल होंगी। खारुन नदी के तट पर महादेवघाट रायपुरा में आयोजित होने वाली वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मास्टर्स 40 प्लस वर्ग की विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए और शील्ड, द्वितीय पुरस्कार के रूप में विजेता टीम को 31 हजार रुपए और शील्ड प्रदान किये जाएंगे।

# नए साल में अपडेट होगा आंबेडकर अस्पताल का ट्रामा, एसी सहित अन्य संसाधन बदले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

इलाज के लिए दूरदराज से आंबेडकर अस्पताल आने वाले मरीजों को नए साल में यहां कई तरह के बदलाव देखने को मिलेंगे। गंभीर मरीजों की सुविधा के लिए बनाए गए ट्रामा सेंटर में और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। यहां के पुराने हो चुके एसी सहित अन्य संसाधनों का बदलाव किया जाएगा। गंभीर स्थिति के मरीजों के लिए वेंटिलेटर सहित अन्य जांच मशीन की सुविधा भी बढ़ाई जाएगी। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपचार की बेहतर सुविधा देने के लिए विभिन्न तरह की योजनाएं बनाई गई हैं। इनके नए साल में पूर्ण होने की उम्मीद है। वर्तमान की आवश्यकता को देखते हुए गंभीर मरीजों के इलाज वाले ट्रामा और विशेष वर्ग के मरीजों के लिए पेइंग वार्ड की सुविधा में बदलाव किए जाने की तैयारी की जा रही है। चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने बताया कि दोनों स्थानों के पुराने हो चुके एसी को बदलने के लिए जैम पोर्टल में टेंडर जारी किया गया है, जिसके माध्यम से खरीदी की तैयारी है। इससे वहां इलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों को सुविधा मिलेगी। पेइंग वार्ड में सुविधा बढ़ाने की मुख्य वजह वर्तमान की जरूरतों को ध्यान में रखना है। इसी तरह गंभीर स्थिति में विभिन्न अस्पतालों से रेफर होकर आने वाले मरीजों की वेंटिलेटर की समस्या को भी जल्दी ही दूर कर लिया जाएगा।

## पेइंग वार्ड भी वातानुकूलित होगा, गंभीर मरीजों के लिए वेंटिलेंटर बढ़ेंगे

### सुरक्षा और चौकस

अस्पताल में सुरक्षा के लिए सशस्त्र जवानों की ड्यूटी लगाई गई जा चुकी है, जो रात्रि के वक्त अपनी सेवा देते हैं। इसी तरह यहां सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। अस्पताल में आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा गार्ड और अन्य कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव पर भी काम किया जा रहा है।




### जांच मशीनें बढ़ाने की तैयारी

आंबेडकर अस्पताल की सबसे बड़ी जरूरत सीटी स्कैन अथवा एमआरआई जांच मशीन की संख्या बढ़ाने की है। इसके लिए इस साल प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। एमआरआई मशीन की खरीदी के लिए आने वाले दिनों में सहमति मिल चुकी है। आने वाले दिनों में इसके लिए राशि स्वीकृत होने के बाद खरीदी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### सुविधायुक्त एंबुलेंस भी

आंबेडकर अस्पताल के लिए वेंटिलेटर सहित जरूरी संसाधनों से लैस एंबुलेंस खरीदी को योजना को भी स्वीकृति दी गई थी। इस पर भी काम आने वाले दिनों में पूरा होने की संभावना है। इस एंबुलेंस की आवश्यकता कई बार मरीजों को अतिगंभीर स्थिति के मरीजों के परिवहन के लिए किया जाता है।

## आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# दोपहिया चोर गिरोह का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार रायपुर से चोरी कर ओडिशा में बेचते थे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी के कब्जे से चोरी के 27 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। इस गिरोह के सदस्यों ने शहर के आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी करने के बाद गिरोह वाहन को ओडिशा में ले जाकर बेचा करते थे। पुलिस ने इसके अलावा शहर की अलग-अलग पार्किंग जगहों पर लावारिस हालत में खड़े 45 दोपहिया वाहन भी बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि शहर में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं वाहन चोर गिरोह का पता कर गिरफ्तार करने के लिए एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट की एक विशेष टीम का गठन किया गया है। इस टीम को 26 दिसंबर को सूचना मिली थी कि आजाद चौक क्षेत्र अंतर्गत ईदगाहभाठा के पास कुछ लोग चोरी के दोपहिया वाहन रखे हुए हैं। इस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और 6 लोगों को पकड़कर उनके कब्जे से 12 दोपहिया वाहन जब्त किए। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रोशन नाडार, नीरज नायक, लकेश टाण्डेकर, जनक ताण्डी उर्फ जॉनी, अभिषेक पटेल एवं विक्की टाण्डेकर निवासी रायपुर का होना बताया। सभी ने कड़ाई से पूछताछ पर जब्त वाहन को शहर के विभिन्न थाना आजाद चौक, डीडी नगर, कबीर नगर, सरस्वती नगर, उरला, मौदहापारा सहित अन्य क्षेत्रों से चोरी करना कबूल किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 15 और वाहन जब्त किए। इस तरह उनके कब्जे से 27 वाहन जब्त किए गए हैं।





### विक्की-जॉनी करते थे ओडिशा में बिकवाने का काम

*गिरोह ने ज्यादातर चोरी के वाहन ओडिशा में बेचे हैं। गिरोह में चोरी के वाहन बेचने का काम विक्की और जॉनी किया करते थे। जॉनी मूलतः ओडिशा के भालूमुडा थाना बांगोमुडा का रहने वाला है, इसलिए विक्की वाहन को ओडिशा में बेचने के लिए उसे माध्यम बनाता था। दोनों ने मिलकर ओडिशा में दर्जनों गाड़ियां बेची हैं। पूछताछ में दोनों ने ओडिशा में थबीरो बाघ, सुधीर पटेल, रोहित पटेल, कुश भोई, बैकुण्ठ बाघ निवासी जेरपाड़ा भालूमुड़ा सहित अन्य को वाहन बेचना कबूल किया है।*

### भालूमुड़ा से 15 वाहन जब्त

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ओडिशा के भालूमुड़ा से चोरी के 15 वाहन जब्त किए हैं। चोरी के वाहन खरीदने वाले लोगों को भी पुलिस ने प्रकरणों में रायपुर में उपस्थित होने का नोटिस दिया है। इन सभी के विरुद्ध धारा 317(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### लावारिस मिली 45 गाड़ी में दो वाहन में केस दर्ज

पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान शहर में पार्किंग स्थलों में भी विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न पार्किंग स्थल से लावारिस हालत में खड़े 45 दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। इनमें दो वाहन में अपराध पंजीबद्ध भी है। इन गाड़ियों को गंज, मौदहापारा एवं कोतवाली क्षेत्र से जब्त किया गया है। लावारिस गाड़ियां किसके नाम पर पंजीयन हैं, इसका पता लगाया जा रहा है।

# एससीईआरटी का जिम्मा बोर्ड को! माशिम पहली बार लेगा 10वीं-12वीं के अलावा कोई अन्य परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल पहली बार दसवीं-बारहवीं के अलावा कोई अन्य परीक्षा लेने जा रहा है। छात्रवृत्ति संबंधित यह परीक्षा पूर्व में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा आयोजित की जाती थी, लेकिन इस वर्ष से मंडल को इसका जिम्मा दे दिया गया है। मंडल यह परीक्षा अगले माह 16 फरवरी को आयोजित करेगा। विद्यार्थियों से 9 जनवरी तक फॉर्म मांगे गए हैं। स्कॉलरशिप के लिए ये फॉर्म ऑफलाइन मोड में भरे जाएंगे। इस संदर्भ में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अंदरुनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एससीईआरटी के पास परीक्षा आयोजित करने पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण यह व्यवस्था की गई है। इसके पूर्व इस परीक्षा के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल से संपर्क करने प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन अंततः माशिम को इसका प्रभार सौंपा गया। आवेदन पत्र का प्रारूप माशिम द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भेज दिया गया है। 66 केंद्रों में यह परीक्षा आयोजित होगी। इन केंद्रों की सूचना भी जिला शिक्षा कार्यालयों में और केंद्राध्यक्ष को प्रेषित कर दी गई है। छात्र स्कॉलरशिप के बारे में विस्तृत जानकारी माशिम की वेबसाइट से भी प्राप्त कर सकते हैं।

### क्या है यह स्कॉलरशिप?

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित कराई जाती है। इसमें चयनित आठवीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को नवमी से बारहवीं कक्षा तक प्रतिमाह 1-1 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति की यह राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। स्कॉलरशिप के लिए आयोजित परीक्षा में वे ही छात्र हिस्सा ले सकते हैं, जिन्होंने सातवीं कक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक हासिल किए हों तथा उनके माता-पिता की सभी संसाधनों से वार्षिक आय मिलाकर 3.5 लाख से ज्यादा ना हो।

### प्रक्रिया पर निजी विद्यालयों की आपत्ति

*इस परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय, नवोदय सहित अन्य अवासीय विद्यालय और निजी विद्यालय के विद्यार्थी शामिल होने के लिए पात्र नहीं होते हैं। निजी विद्यालयों ने इस पर आपत्ति जताई है। प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले छात्र गरीब परिवार से आते हैं। कम से कम उन्हें इस स्कॉलरशिप परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जानी चाहिए।*

# छापे के बाद लोगों ने पनीर से बनाई दूरी डेयरी में खरीदने से पहले चखा स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कार्रवाई के बाद डेयरी और मार्ट में पनीर खरीदने वालों की घटी संख्या

बीरगांव की फैक्ट्री में सोमवार को 2500 किलो नकली पनीर जब्त किए जाने के बाद मंगलवार को लोगों ने खाने से पनीर को दूर कर दिया। इस बड़ी कार्रवाई का सीधा असर शहर की डेयरी पर देखने को मिला है। लोग मार्ट में मिलने वाले पैकेट पनीर की खरीदारी करने से बचे, तो वही डेयरी में भी लोगों की मांग लगभग शून्य रही। छोटी डेयरी दुकानदारों ने बताया कि आमतौर पर पनीर दिनभर में 50 किलो से अधिक बिक जाता है, लेकिन नकली पनीर के जब्त किए जाने के बाद अब लोगों में डर बना हुआ है। कई लोगों ने पूछा कि पनीर कितने दिन पुराना है, तो वहीं कुछ ने स्वाद भी चखकर देखा कि यह असली है या फिर नकली। सुबह और शाम के वक्त भी पनीर के खरीदार नहीं मिले। लोगों का कहना है कि 2500 किलो नकली पनीर जब्त किए जाने के बाद अब यह विश्वास करना मुश्किल हो गया है किस डेयरी का पनीर असली है। वहीं दुकानदार अब लोगों को असली पनीर की विशेषता बता रहे हैं, ताकि नकली और असली की पहचान व्यक्ति खुद घर बैठे कर सकें।




### एक दिन में कई किलो पनीर खराब

दिनभर बिक्री कम होने से शहर में कई किलो पनीर खराब हो गया। डेयरी संचालकों का कहना है कि अब लोग पनीर जांच पड़ताल कर ही खरीद रहे हैं। पनीर तैयार होने के बाद उसका स्वाद हर दिन बदलने लगता है। कार्रवाई के बाद मांग के अनुसार पनीर खरीदी करेंगे, ताकि नुकसान से बचा जा सके। डेयरी संचालक का कहना है कि पनीर का थोड़ा सा टुकड़ा लेकर हाथों से मसलें। अगर यह भुरभुरे रूप में आ जाता है, तो इसका मतलब यह नकली है। असली पनीर ऐसे भुरभुरा नहीं होता है। अगर मार्केट से खुला नहीं, बल्कि पैकेट वाला पनीर खरीद रहे हैं, तो उसके पैकेज पर लिखी डिटेल्स पढ़ें। असली पनीर दूध और नींबू के रस या सिरके से बनाया जाता है। कुछ भी अलग से नहीं मिलाया जाता, लेकिन कोई भी दूसरी चीज इसमें अगर शामिल हो, तो बेहतर होगा, उसे न ही खरीदें।

# शहर में मुक्कड़ और सफाई की स्थिति परखने फरवरी के बाद आएगी केंद्रीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4,447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम फरवरी के बाद रायपुर आएगी। गारबेज फ्री सिटी यानी मुक्कड़ मुक्त शहर और खुले में शौच की प्रवृति की धरातल पर जांच करने अलग-अलग टीम सर्वे करने उतरेगी। इसके अलावा वाटर प्लस श्रेणी के लिए सर्वे होगा। यानी 3 टीमें एक साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर शहर के सफाई की धरातल पर स्थिति पता लगाएंगी। इसमें पब्लिक फीडबैक शहर की सफाई का पैमाना तय करेगा।

दरअसल, 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4,337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर यह प्रतिस्पर्धा है, जिसमें रायपुर शहर को टॉप टेन शहर में लाना निगम प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। सूत्रों के मुताबिक केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के तीसरे चरण का सर्वे करने केंद्रीय टीम फरवरी में रायपुर आएगी। इस हिसाब से तीसरा राउंड स्वच्छता रैंकिंग के हिसाब से काफी अहम माना जा रहा है। इस बार गारबेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस श्रेणी में मूल्यांकन करने 3 टीमें शहर में सर्वे करने अलग-अलग हिस्सों में जाएंगी।

इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कुल 9500 अंक रखे गए हैं। जो अलग-अलग श्रेणी में तय मापदंड के हिसाब से दिए जाएंगे। इसमें सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक, पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक रखे गए हैं। अब तक हुए देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी है, उसे देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला हुआ है।

## वाटर प्लस सिटी श्रेणी में बढ़ सकते हैं नंबर

देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए होने वाले तीसरे चरण के सर्वे में वाटर प्लस श्रेणी में इस बार रायपुर शहर को ज्यादा अंक मिल सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक खारुन नदी में नाले व नालियों के गंदा पानी जाने से रोकने 3 अलग-अलग स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के साथ ही उपचारित जल के दोबारा उपयोग को लेकर वाटर प्लस श्रेणी में अंक बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में शहरभर से एकत्र कूड़ा करकट का वैज्ञानिक निष्पादन किये जाना पर अलग से अंक मिलेंगे। इसके साथ ही वायु प्रदूषण रोकने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन से शहर के सड़कों की सफाई पर केंद्रीय टीम अंक देगी।



### 2 दर्जन मुक्कड़ निगम के लिए बड़ी चुनौती

गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केंद्रीय सर्वे में नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित 2 दर्जन मुक्कड़ हैं, जहां लोग आज भी रोजाना गीला और सूखा कचरा बिना किसी हिचक के डाल रहे हैं। जोन स्तर पर न तो शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने इसके लिए ठोस प्रयास हुए, न ही निगम मुख्यालय से इसकी पहल हुई। विदित हो, शहर के मध्य स्थित नगर निगम जोन 2 क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5 मुक्कड़ इसमें शामिल हैं।

## 651 धर्मांतरित परिवारों की घर वापसी

# जूदेव ने कहा- धर्मांतरण को लेकर जशपुर से रायपुर तक करेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

651 धर्मांतरित परिवारों की सनातन धर्म में घर वापसी को लेकर अखिल भारतीय घर वापसी के प्रमुख प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, सक्ती छत में पांव पखारकर 651 धर्मान्तरित परिवारों की पुनः सनातन धर्म में घर वापसी कराया गया। ईसाई मिशनरियों द्वारा कई वर्षों से सक्ती एवं आसपास के जिलों में धर्म परिवर्तन का विष फैलाया जा रहा है। धर्मान्तरण से चुनाव प्रभावित हो रहा है। पूरे क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल रही है। यह अत्यंत गंभीर और चिंता का विषय है।

अमित जोगी को लेकर प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, इनके पास कोई मुद्दा नहीं है। उनकी स्थिति आप देख रहे हैं, जब वो खुद ही क्रिप्टो क्रिश्चियन हैं वो मेरे पर लांछन लगा रहे हैं। ये काम मेरे पिता ने तब से शुरू किया, जब भाजपा नहीं थी। आप अपने आप को सनातनी हिंदू कहते हैं, आपका खुद ही आईडेंटी का पता नहीं है। पंजाब के सीएम चन्नी भी हिंदू हैं, लेकिन वो कुछ और काम करते हैं। ये सभी लोग हिंदू समाज को खोखला कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध प्रदेशभर में एक बड़ा आंदोलन करूंगा।




### कन्वर्ट होने वाले वनवासियों का आरक्षण बंद हो

श्री जूदेव ने कहा, दूसरी बड़ी समस्या डीलिस्टिंग की है। वनवासी भाइयों को लाभ मिले, इसके लिए बड़ा प्रदर्शन करूंगा। कुछ धर्मांतरित लोग कन्वर्ट हो रहे हैं और इसका लाभ भी उठा रहे हैं। उनका डीलिस्टिंग होना बहुत जरूरी है। वनवासी समाज जो कन्वर्ट हो गया है, उसका आरक्षण बंद होना चाहिए। इसके लिए जशपुर से लेकर रायपुर तक पदयात्रा भी करूंगा।

### जनजाति और मतांतरित वर्ग में तनाव

प्रबल प्रताप जूदेव ने कहा, छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण एक बहुत बड़ी सांस्कृतिक समस्या है। जनजातीय क्षेत्र इसके लिए अतिसंवेदशील हो गया है। ईसाई मिशनरीज धर्म परिवर्तन के लिए प्रोजेक्ट चला रही है। उन्हें असभ्य और सनातन धर्म विरोधी बनाया जा रहा है, जो समाज और देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा, आज जनजातीय समाज की पहचान पर भी संकट आ गया है। कई गांवों में मूल संस्कृति के साथ जी रहे जनजाति और मतांतरित वर्ग में तनाव देखने को मिल रहे हैं। बस्तर और छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों में पिछले वर्ष कई घटनाएं भी हुई थीं।

## सिविल सोसाइटी संयोजक ने भेजा जवाब

# माफी मांगें डा. बिस्वरूप नहीं तो मानहानि की कार्रवाई

**रायपुर।** कीमोथेरेपी और सर्जरी से कैंसर के मरीज को लाभ मिलने के सबूत नहीं देने पर 8500 करोड़ की मानहानि के नोटिस भेजने का मामला ठंडा नहीं हुआ है।

सिविल सोसाइटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने एनआईसीई के अध्यक्ष डा. बिस्वारूप रॉय चौधरी से नोटिस भेजने के विधिक अधिकार का प्रमाण मांगा है। ऐसा नहीं होने होने पर माफी मांगने अथवा मानहानि की कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी भी दी है। नेटवर्क ऑफ इंफ्लूएंजा केयर एक्सपर्ट (एनआईसीई) के अध्यक्ष डा. बिस्वारूप ने नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी के कैंसर का इलाज एलोपैथी के बजाए आयुर्वेद पद्धति से किए जाने के दावों को चुनौती देने के मामले में छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी से कीमोथैरेपी अथवा सर्जरी से ऐसे मरीजों को स्वस्थ होने का सबूत मांगा था। जवाब नहीं मिलने पर 8500 करोड़ की मानहानि की कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। मामले में सिविल सोसायटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने अपना जवाब भेजा है। उन्होंने जिक्र किया है कि हमने नवजोत कौर सिद्धू को नोटिस भेजा था, जिसके विधिक सलाहकार के रूप में उत्तर स्वरूप नोटिस भेजने के लिए क्या उन्हें विधिक अधिकार दिए गए हैं, इसका प्रमाण दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने नववर्ष की दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा, नव वर्ष 2025 हम सभी के जीवन में तरक्की के नये अवसर लेकर लाये और हम सभी के जीवन में भरपूर सुख-समृद्धि का वास हो। उन्होंने कहा, नव वर्ष हम सभी के लिए शुभ संकल्प लेने का समय है। पिछले साल हमने प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी को पूरा करने का संकल्प लिया था और प्रत्येक वर्ग को लाभ पहुंचाने में हमें सफलता मिली।



### 30 आईएएस अफसरों का पदोन्नति आदेश

**रायपुर।** राज्य सरकार ने साल के अंतिम दिन बड़े स्तर पर 30 आईएएस अफसरों का प्रमोशन आर्डर जारी किया है। अफसरों को वर्तमान स्थान पर ही पदस्थ रखा गया है। इनमें से दो अफसरों को उनकी नियुक्ति के 4 साल पूरा होने पर वरिष्ठ वेतनमान दिया गया है। वहीं 10 आईएएस अफसरों को 13 साल की सेवा के बाद प्रवर श्रेणी वेतनमान और 18 आईएएस आबंटन के 9 साल की सेवा पूरी होने पर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा वेतनमान दिए जाने का आदेश जारी किया गया है।

### दलित-आदिवासियों के साथ बंद हो अन्याय

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की थाने में मौत और ओड़िशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं की पेड़ में बांधकर पिटाई की घटना से लोगों में भारी आक्रोश है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता भगवानू नायक ने इन मामलों में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को संज्ञान लेकर कार्रवाइ करने की मांग की है।

### दिवंगत कर्मचारी के परिवार को दी अनुग्रह राशि



**खैरागढ़।** नगर पालिका परिषद ने बीते सप्ताह दिवंगत कर्मचारी गोविंद यादव के परिवार को अनुग्रह राशि प्रदान की गई। सीएमओ नरेश वर्मा, अभियंता दीपाली तंबोली मिश्रा सहित अन्य ने कर्मचारी गोविंद देवागंन के गृह ग्राम पेंड्रीकला पहुंचकर शासन की ओर से मिलने वाली अनुग्रह राशि का चेक उनकी धर्मपत्नि को प्रदान किया। इस दौरान उन्होने दिवंगत कर्मचारी के परिवार को सात्वना दिया और श्रद्धांजति अर्पित करते हुए कहा कि नपा ने ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी को खो दिया है। इस दौरान नपा कर्मचारियो सहित शोक संतप्त परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### एसोसिएशन के संजय बने सराफा जिलाध्यक्ष

**खैरागढ़।** सराफा एसोसिएशन की बैठक में सर्वसम्मति से संजय बरड़िया को जिलाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान खैरागढ़ नवीन कार्यकारिणी का गठन कर जय डाकलिया को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गौतम सोनी, सचिव अभय गिड़िया, सह सचिव सुनील चौरड़िया और कोषाध्यक्ष मयंक बोहरा को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी गठन उपरांत एसोशिएसन सदस्यों द्वारा व्यवसाय से जुड़ी बातों पर चर्चा की गई। हॉलमार्किंग वाले जेवरात की बिक्री सहित सुरक्षा के लिए आवश्यक रूप से दुकान के अंदर बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने और अनजान व्यक्ति से जेवरात खरीदने के दौरान पक्की रसीद देखने सहित अन्य विषयों पर बात हुई। इसके अलावा बीते दस सालों से सप्ताह के प्रति मंगलवार दुकान बंद संबंधी निर्णय पर मंजूरी लिया गया।

### परीक्षा को लेकर बैठक आज

**सड़क अतरिया।** विकासखंड में कक्षा 5वी एवं 8 वीं की केन्द्रीय कृत परीक्षा को लेकर शिक्षा अधिकारी ने संकुल एवं जोन स्तर पर शिक्षकों की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया है। कक्षा पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा बोर्ड की तर्ज पर माह मार्च में होने की संभावना है।

# दिल्ली से आएंगे बंद लिफाफों में नाम, नामांकन के बाद घोषित होंगे भाजपा के नए जिलाध्यक्ष

## नए साल में सभी जिलों में होगी चुनाव की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नए साल में प्रदेश में भाजपा के सभी 36 संगठनों, जिलों में नए जिलाध्यक्ष बन जाएंगे। इसके लिए प्रक्रिया अंतिम चरण पर है। पैनल बनाकर दिल्ली भेजा गया था। वहां पर पैनल पर मंथन भी हो गया है। अब वहां से बंद लिफाफों में नाम आएंगे।

इन नामों को जिले के चुनाव अधिकारी जिलों में लेकर जाएंगे। लिफाफा खोलने के बाद जिनका नाम निकलेगा, प्रक्रिया के तहत सबसे पहले उनका नामांकन भरवाया जाएगा, इसके बाद दूसरे दिन उनके नाम का ऐलान किया जाएगा। भाजपा का देशभर में संगठन चुनाव चल रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में पहले बूथ कमेटियां का चुनाव हुआ, इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव किया गया। अब जिलाध्यक्षों का चुनाव होना है।

इसके लिए सभी जिलों से दावेदारों के नाम कुशाभाऊ ठाकरे में मंगाकर 27 दिसंबर को प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में तीन-तीन नामों का पैनल बनाया गया और इसको दिल्ली भेजा गया। 29 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के पदाधिकारियों का पैनल पर मंथन किया गया, इसके बाद नाम फाइनल कर लिए गए हैं। अब वहां से नाम आने बाकी हैं। नाम आने के बाद चुनाव की प्रक्रिया होगी।



### नामांकन जरूरी

दिल्ली से बंद लिफाफों में नाम आने के बाद सभी जिलों के चुनाव अधिकारियों को लिफाफा सौंपा जाएगा। चुनाव अधिकारी अपने-अपने जिलों में जाएंगे और सबके सामने लिफाफा खोला जाएगा। उसमें जिनका नाम होगा, उनको प्रक्रिया के तहत नामांकन भरवाया जाएगा। नामांकन के बाद अगले दिन एक नामांकन होने पर उनको निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर सभी बूथों इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया है। उसी तरह से अब जिलाध्यक्षों का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया जा रहा है। हालांकि कुछ मंडलों में विवाद भी हुआ है, जिसके बाद वहां का चुनाव रद्द कर दिया गया है। अब जिलाध्यक्षों के नामों सामने आने के बाद ही मालूम होगा कि कहीं विवाद की स्थिति तो नहीं बनती है। जिलाध्यक्षों के लिए इस बार आयु सीमा 60 साल तय की गई है। इससे ज्यादा उम्र के किसी भी कार्यकर्ता को अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा।

## स्वास्थ्य केंद्रों को मिले 42 नए डाक्टर, जारी हुआ संविदा नियुक्ति आदेश


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक चिकित्सकों की कमी को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दौर में एनएचएम को औरर सात चिकित्सा विशेषज्ञ सहित 42 नए डाक्टरों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों खासकर चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए लगातार नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। दूरवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों में भी चिकित्सा विशेषज्ञों की उपलब्धता के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दौर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर संभाग में 6, बिलासपुर को 12, सरगुजा में 5, बस्तर तथा दुर्ग संभाग में 6 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. अमिताभ लालजी साहू, जिला अस्पताल बेमेतरा, डॉ. क्षमा चोपड़ा, जिला अस्पताल कबीरधाम, डॉ. निकिता खेस, जिला अस्पताल जांजगीर, डॉ. अनु आनी जॉन, जिला अस्पताल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, डॉ शोएब खान जिला अस्पताल पंडरी रायपुर, डॉ नील माधव गवेल, जिला अस्पताल रायगढ़ व डॉ महिमा निधि जॉर्ज शास. चिकित्सा महाविद्यालय जिला रायगढ़ में पदस्थापना की गई है।

### प्रांत संघचालक के निवास पर किया भोजन, आज डॉ. मोहन भागवत की होगी वापसी

# संघ प्रमुख का अनुषांगिक संगठनों के वरिष्ठों के साथ संघ को मजबूत करने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने अपने रायपुर प्रवास पर पांचवें दिन अनुषांगिक संगठनों और आरएसएस से जुड़े वरिष्ठों के साथ संघ को मजबूत करने पर मंथन किया। इसमें वरिष्ठों के सुझाव भी लिए गए। इसके बाद दोपहर को डॉ. भागवत प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास डीडी नगर में भोजन करने गए। अब बुधवार को उनकी रायपुर से वापसी होगी। पांच दिनों में से चार दिनों तक उन्होंने संघ को मजबूत करने और पंच परिवर्तन को लेकर अलग-अलग पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इसी के साथ शताब्दी वर्ष में क्या किया जाना है, इसको लेकर भी योजना तैयार की गई है।

जागृति मंडल में मंगलवार को आरएसएस और अनुषांगिक संगठनों से जुड़े पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों को बुलाया गया था। इसके साथ डॉ. भागवत ने संघ को लेकर चर्चा की। इसमें उनसे पूछा गया आप लोगों के कार्य करने की और आज जो स्वयंसेवक काम कर रहे हैं, उनका अंदाज अलग हो सकता है। परिस्थितियां भी अलग हो सकती हैं, लेकिन सबका एक ही मकसद है संघ को मजबूत करना। संघ को मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर काम करने के लिए कहा गया। इसी के साथ सभी से पंच परिवर्तन पर फोकस करने के लिए भी कहा गया। इसको लेकर लगातार कार्यक्रम होंगे। पर्यावरण को सुरक्षित रखना, स्वच्छता पर ध्यान देना, धर्म परिवर्तन को रोकना और कानून व्यवस्था का पालन करने पर भी बात हुई। आने वाला साल संघ का शताब्दी वर्ष है, इसमें छत्तीसगढ़ में क्या-क्या किया जाना है इसको लेकर भी चर्चा की गई।

### पहली बार गए भोजन करने

डॉ. भागवत ने अपने प्रवास के दौरान पहली बार दो स्वयंसेवकों के निवास पर जहां बैठकें कीं, वहीं एक स्वयंसेवक रतन चक्रधर के घर पर भोजन किया। उन्होंने मंगलवार को प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास पर भी भोजन किया। इसके पहले वे यहां पर अपने पिछले प्रवासों में पूर्व प्रांत संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना के घर पर जा चुके हैं। आमतौर पर वे किसी स्वयंसेवक के यहां नहीं जाते हैं, लेकिन इस बार वे गए।

## संदीप शर्मा बोले- कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा, आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की लगातार दुर्गति हो रही है, लेकिन बजाय इससे सबक लेने के कांग्रेस के लोग आपसी सिर-फुटौवल में लगे हुए हैं। भाजपा के संगठन महापर्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचा है और कांग्रेस की दुर्दशा का आलम यह है कि वहां कोई सदस्य बनने के लिए जरा भी इच्छुक नहीं है। श्री शर्मा ने कहा, कार्यकर्ताओं और नेताओं के अभाव से जूझ रही कांग्रेस की राजनीतिक दरिद्रता का इससे अधिक परिचय और क्या होगा कि अब कांग्रेस नेतृत्व को पिछले चुनावों के और निष्कासित नेताओं से आवेदन मंगवाना पड़ा है। कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र के कारण एक तरफ जहां सम्मेलनों में बड़े नेताओं को कार्यकर्ता मुंह पर खूब खरी-खोटी सुनाने में नहीं हिचक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और अपमान को देखकर कोई भी कांग्रेस का सदस्य बनने के लिए तैयार नहीं है। श्री शर्मा ने कहा, भाजपा की ऐतिहासिक सदस्य संख्या भाजपा के प्रति अटूट जन-विश्वास का प्रमाण है।



## राज्य में 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

रायपुर। प्रदेश में अब तक लगभग 86.42 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी तेजी से हो रहा है। धान उठाव के लिए 58.35 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 32.57 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। धान खरीदी के एवज में 17.50 लाख किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 19 हजार 415 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी तक चलेगा।



# कांग्रेसी पहुंचे धान उपार्जन केंद्र, किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

धान उपार्जन केंद्रों में सुतली, कलर और सूजा खरीदी को लेकर भ्रष्टाचार की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कांग्रेसी नेताओं ने केंद्रों में दबिश दी जहॉ सुतली खरीदी प्रक्रिया को लेकर जानकारी ली वही धान बेचने आए किसानो से बातचीत कर समस्या सें अवगत हुए।

जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, ब्लाक अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ साथ कांग्रेसी नेताओं ने सबसे पहले सलोनी, फिर जालबांधा, मड़ौदा और अंत में कामठा केंद्र का निरीक्षण किया वहॉ समिति प्रबंधक सहित कर्मचारियों से केंद्र संचालन के दौरान पड़ने वाली आवश्यक वस्तुओ भूसा, तालपत्री सहित अन्य की खरीदी, उसे लेकर अपनाई गई प्रक्रिया, धान खरीदी और परिवहन को लेकर सवाल जवाब किया। केंद्रों के निरीक्षण बाद उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने 31 सौ में खरीदी का वादा करने वाली साय सरकार धान खरीदी के मोर्चे में पूरी तरह फेल हो गई है। भुगतान आधा अधूरा हो रहा है। परिवहन के अभाव में जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। इस दौरान जिपं सभापति विप्लव साहू, नरेंद्र सेन, गिरधारी पाल, दीपक देवांगन, अरूण भारद्वाज, पूरन सारथी, गैंदलाल कुर्रे, पप्पू प्लंबर, अशोक वर्मा, मीनाराम साहू, संदीप सिरमौर, चंदन वर्मा, खुमान वर्मा सहित समिति केंद्र अंतर्गत आने वाले गॉवों के कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



### बिना मांगे दिया सामान, भुगतान के लिए बना रहे दबाव

सलोनी में प्रबंधक ने बताया कि खरीदी 75 फीसदी हो गई है दस क्विंटल सुतली और रंग उनके हड़ताल के दौरान विजय आफसेट प्रिंटर्स संचालक ने लाकर छोड़ा है। उन्होंने बताया कि खरीदी को लेकर समिति द्वारा किसी प्रकार से सूचना का प्रकाशन नही कराया गया और कोटेशन भी ब्रांच आफिस से मिला है। मड़ौदा में प्रबंधक ने बताया कि धान खरीदी लगभग 65 प्रतिशत हो गई है। यहॉ असमय बारिश से बचने तालपत्री का अभाव है। दस क्विंटल सुतली बिना मांगे विजय आफसेट प्रिंटर्स ने भेजा है। कामठा समिति मे प्रबंधक के पास सिर्फ एक ही कोटेशन मिला जबकि नियमानुसार तीन फर्मों को कोटेशन होना था। 10 क्विंटल सुतली पहले से प्रिंटर्स संचालक ने भेज दिया था। जबकि जालबांधा में समिति प्रबंधक ने कांग्रेस नेताओं के सामने ही कोटेशन खोला जबकि उसके यहॉ पहले ही 15 क्विंटल सुतली और दो बोरी रंग सप्लाई हो गया और कोटेशन भी 12 नवंबर की तारीख मे उसे मिला है। अब सवाल यह उठता है कि जब सुतली, कलर, रंग और तालपत्री खरीदी को लेकर समितियों ने सरकारी नियमों का पालन प्रारंभ ही नही किया था तो किस आधार पर भाजपा नेता विकेश गुप्ता ने सामान सप्लाई किया और अब कागजी प्रक्रिया पूरी करने कोटेशन भेजकर मनमाफिक दर में खरीदी के लिए दबाव बना रहे है।

# एक साल से गायब है कर्मी, कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मोहला




कलेक्टर तुलिका प्रजापति की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामले, अनुकम्पा नियुक्ति, मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी विभागों को अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित मामलों की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत के निर्देश दिए। एक साल से अधिक समय से बिना सूचना के नदारत कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़े आवेदनों का शीघ्र और प्रभावी निपटान किया जाए। ग्राम स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर कलेक्टर ने देते हुए शासन की सभी योजनाएं पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

# एसपी का सख्त निर्देश, बिना हेलमेट वाहन चलाया तो कटेगा चालान




हरिभूमि न्यूज ▸▸ खैरागढ़

जिला पुलिस इस बार नए साल से अपनी कार्यशैली में कुछ खास बदलाव करने जा रही है। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से दुपहिया वहान चलाते समय हेलमेट नही पहनने वालो और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट नही बांधने वालों को पुलिसिया कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवरों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने प्रेस कांफ्रेंस में जिला पुलिस की एक साल में हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि पूरे जिले में 1595 अपराधों पर मामला दर्ज हुआ जिसमें 1490 का निराकरण कर लिया गया है।

### जागरूकता अभियान रही बड़ी उपलब्धि

पुलिस की बड़ी उपलब्धि जागरूकता अभियान को लेकर कहा कि जिले मे विभिन्न स्थानों पर 218 जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके चलते खैरागढ़ का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि लोगों को सुरक्षा, यातायात नियमों और अपराधों के प्रति जागरूक किया जाए। नकली शराब के दो बड़े मामलों को पुलिस की बड़ी सफलता बताते हुए उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पशु क्रूरता के खिलाफ भी पुलिस ने महत्वपूर्ण कार्रवाई की है जिससे पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। जिले में नक्सल अभियान के तहत कटेमा और बगारझोला में नवीन कैंप स्थापित किया गया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रिसोर्स पर्सन स्वागता ने अपने जन्मदिन पर दिया नेवता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ विकासखण्ड साजा में अजीम प्रेमचंदजी फाउन्डेशन की रिसोर्स पर्सन स्वागता कर्मकार ने अपने जन्मदिवस पर विद्यालय में केक काटकर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। साथ ही उन्होंने न्यौता भोज भी दिया। इसके तहत बच्चों को खीर, पूड़ी, जलेबी, चावल और आलू गोभी की सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर प्रधानपाठक विशेषर नेताम, संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा रसोइया बहनें संगीता, सुमित्रा, संकुल से शेषनारायण महेश्वरी, खूबीराम साहू, अजय यादव, शिवेन्द्र डहरवाल, माहेश्वरी साहू एवं बेला ध्रुव मैडम उपस्थित रहे।

### जल जीवन मिशन के दो एजेंसी का अनुबंध निरस्त

**दुर्ग।** जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा उपरांत जल जीवन मिशन के कार्य में रूचि न लेने एवं समानुपातिक प्रगति न दे पाने वाले 20 एजेन्सियों को अंतिम चेतावनी दी गई है। दो एजेन्सी मेसर्स श्री राम ट्रेडर्स एंड इन्वेस्टर्स दुर्ग, मेसर्स गगन ट्रेडर्स बेमेतरा का अनुबंध निरस्त किया गया। दोनों एजेन्सियों को ब्लैक लिस्ट कर भविष्य में जल जीवन मिशन के कार्यों में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। कार्यपालन यंत्री उत्कर्ष पाण्डेय से मिली जानकारी अनुसार समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों में रूचि न लेने वाले 5 एजेन्सियों को नोटिस जारी किया गया है तथा उनके आगामी समयावृद्धि प्रकरण में अर्थदण्ड लगाये जाने का निर्णय लिया गया है।

### आबकारी विभाग ने कायम किए दो प्रकरण, आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सीआर साहू के मार्गदर्शन में विगत दिनों रात्रि में गश्त के दौरान आबकारी विभाग के धमधा वृत्त के अन्तर्गत ग्राम मुरमुंदा थाना नन्दिनी नगर में अवैध शराब के धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर आरोपी ज्ञानेश्वर भारती पिता चवलदास उम्र 40 वर्ष निवासी मुरमुंदा थाना नंदिनी नगर जिला दुर्ग के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 92 नग पाव देशी मदिरा मसाला एवं एक थैले में 68 नग पाव देशी मदिरा मसाला कुल 160 नग पाव कुल मात्रा 28.800 बल्क लीटर शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34, 2 के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार नेताम द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया। इसी प्रकार 31 दिसम्बर को प्रातः गश्त के दौरान आबकारी विभाग के वृत.दुर्ग दक्षिण के अन्तर्गत पाटन में अवैध शराब के विक्रय, धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही करते हुए ग्राम गुढ़यिारी थाना उतई में 80 नग गोवा स्पेशल फॉर सेल इन मध्यप्रदेश ओनली मदिरा पाव जिसकी कुल मात्रा 14.4 बल्कलीटर मदिरा जप्त किया गया।

# किसान और व्यापारी बगैर मंडी शुल्क के कहीं भी बेच सकेंगे अनाज

## राज्य शासन ने जारी की अधिसूचना, एक साल के लिए रहेगी लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शासन के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर व्यापारी और किसानों को बड़ी राहत दी गई है। इसके तहत अब किसान और व्यापारी बगैर मंडी शुल्क के अनाज (धान) का निर्यात राज्य के बाहर कर सकेंगे। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि, देश से बाहर निर्यात को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है।

धान के कटोरा के नाम से पहचान बनाने वाले छत्तीसगढ़ को धान विक्रय और चावल निर्यात के क्षेत्र में मंडी टैक्स छूट और किसान कल्याण मंत्रालय टैक्स छूट से फायदा होगा। छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 क्रमांक 24 सन 1973 की धारा 59 उप धारा 1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश से गैर बासमती चावल के देश से बाहर निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क से पूर्णता एक वर्ष के लिए छूट प्रदान की गई है। इसे व्यापारी वर्ग बड़ी राहत बता रहे हैं। वहीं किसानों के धान को खरीदने व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी और उन्हें अच्छा दाम मिलेगा। खासकर गर्मी के धान की खरीदी उन्हें बाजार में बेचनी पड़ती है। धान खरीदने के बाद व्यापारी व मिलरों को मंडी शुल्क नहीं देना पड़ेगा। पूर्व में मंडी शुल्क के लिए व्यापारियों को प्रति क्विंटल 2.20 प्रतिशत शुल्क आधा फीसदी सेस देनी पड़ती थी।

### मंडियों में आनलाइन बिक्री की हुई थी पहल

केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के कई जिलों के मंडियों में किसानों को आनलाइन धान बेचने की सुविधा प्रदान की गई थी। इस दौरान किसान मंडी में जाकर देश के किसी भी मंडी में उपज के दाम जान सकेंगे और अच्छी कीमत पर उसे बेच सकेंगे। हालांकि यह सुविधा प्रदेश के कई जिलों में काम नहीं कर पाई है। आनलाइन बिक्री के चलते किसानों को देश के मंडियों से जुड़कर अच्छी कीमत मिलने के लिए यह योजना शुरू की गई थी। इसके लिए एक मंडी में लाखों रूपए खर्च भी किए गए थे। हालांकि आनलाइन बिक्री में भी शुल्क में छूट का प्रावधान लागू होगा।




### अच्छा निर्णय

छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है। इसलिए यहां के चावल की मांग देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में है। विष्णुदेव सरकार के इस निर्णय से किसान और व्यापारी दोनों वर्ग को राहत मिलेगी। यह अच्छा निर्णय है।

- दीपेश साहू, विधायक बेमेतरा

## पुलिस अधीक्षक साहू ने शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मान

# एसआई चित्रलेखा व एएसआई भगवान दास हुए सेवानिवृत्त, अधिकारी-कर्मचारियों ने दी विदाई

### उनि एवं सउनि ने पुलिस विभाग में लगभग 39 वर्ष तक दी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस विभाग में कार्यरत उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा एवं सहायक उप निरीक्षक भगवान दास गंधर्व के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उन्हें भाव पूर्ण विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा एवं सउनि भगवान दास गंधर्व के स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा अब वे अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे।

उल्लेखनीय है कि उप निरीक्षक शर्मा एवं सउनि गंधर्व ने पुलिस विभाग में लगभग 39 वर्ष तक अपनी सेवाएं दी। ज्ञात हो कि उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा सन 1986 में एवं सउनि भगवान दास गंधर्व सन 1985 में आरक्षक के पद पर जिला दुर्ग में भर्ती हुए थे। इस दौरान दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना व चौकी में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में सेवा के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपने सेवा के दौरान उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा एवं सउनि भगवान दास गंधर्व ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई ओर कार्यकुशलता का परिचय देते हुए कार्य किये। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह ने कहा कि उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा एवं सउनि भगवान दास गंधर्व ने पुलिस विभाग में शालीन एवं मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई गृह विभाग में संवेदनशील होकर ड्यूटी करनी पड़ती है। इसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। पुलिस परिवार की ओर से हम उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते है।



### सेवानिवृत्त अधिकारियों ने साझा किए अनुभव

उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा एवं सउनि भगवान दास गंधर्व ने 39 वर्ष के अपने सेवाकाल के दौरान अपने खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं स्टाफ से मिले भरपूर सहयोग से अपनी ड्यूटी तत्परतापूर्वक निभाई इसके लिए उन्होंने अपने स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्यलिपिक हरिओम विश्वकर्मा, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, प्रधान आरक्षक शेखर राजपूत, नवनीत दुबे, सेवानिवृत्त उप निरीक्षक चित्रलेखा शर्मा के पति सुधाकर शर्मा, पुत्र अविनाश शर्मा व सेवानिवृत्त भगवान दास गंधर्व के पुत्र होलेश्वर दास गंधर्व सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डाइट प्राचार्य ने स्टाफ को दिया उपहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने नए वर्ष की शुरुआत अपने अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्यों को उपहार देकर किया। नए वर्ष के प्रथम दिवस पर डाइट प्राचार्य ने अपने सभी व्याख्याता एवं कार्यालयीन सदस्यों को सफारी सूट एवं सभी अकादमिक शिक्षिकाओं को उपहार स्वरूप साड़ी उपहार स्वरूप भेंट किया और नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। गौरतलब है कि डाइट एक प्रशिक्षण संस्थान है। जहां पर प्राथमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और व्याख्याताओं का वर्ष भर प्रशिक्षण चलता रहता है, इसका लाभ और परिणाम आने वाले दिनों में हम सबको देखने को मिलेंगे। सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन सदस्यों ने उपहार प्रदान करने के लिए डाइट प्राचार्य का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, श्रद्धा तिवारी, सरस्वती साहू, पूनम पांडे सरस्वती साहू, पूनम पांडेय, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, रोहित सेन, चंद्रिका यादव सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# शासकीय विद्यालय लालपुर में पौधे लगाकर की गई नववर्ष की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर विकासखण्ड नवागढ़ में संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे, प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक शांत कुमार पटेल, घनश्याम प्रसाद साहू ने सभी बच्चों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बच्चों को प्रकृति के पोषण के लिए धरती माता और मानव जीवन के पोषण के लिए हमारी माताओं के बीच समानता दर्शाते हुए अपनी मां के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में श्रीफल नारियल का पौधा लगाकर धरती माता की रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

शाला के प्रधान पाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने बताया कि पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना है, जो पेड़ों एवं हरियाली को दर्शाता है। इससे व्यापक रूप से पेड़ पौधा लगाकर वन्य जीव का रक्षा कर सकते हैं। शिक्षक शान्त कुमार पटेल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत भी सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने एक-एक पौधे लगाए। लालपुर स्कूल प्रांगण में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास से इसके पूर्व भी छायादार जामुन, गुलमोहर, पाम, अशोक, नीम, शीशम, करन, फलदार वृक्ष कटहल, आम, अमरुद के पौधे लगाए गए हैं, जो शाला प्रांगण को बहुत ही छाया और हरियाली दे रहे हैं। वृक्षारोपण से बच्चे बहुत उत्साहित रहते हैं और पर्यावरण को बचाने के लिए उनकी भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। भविष्य की भयावहता को देखते हुए आज सभी को वृक्षारोपण के लिए जागरूक होना जरुरी है और पेड़ लगाना अति आवश्यक हो गया है।



# अंधविश्वास व कुरीतियों को छोड़कर अच्छाइयों को अपनाएं

■ शासकीय विद्यालय अकोला में प्रधानपाठिका ने बच्चों को

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में नया वर्ष धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने हाथों से ग्रीटिंग कार्ड बनाए और फूलदार पौधे लगाए। सर्वप्रथम बच्चे माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की।

प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा ने बच्चों को हिन्दी और अंग्रेजी महीनों के बारे में जानकारी दी। प्रकृति में होने वाले बदलाव के बारे में बच्चों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में कुछ नया करने की सोचें। नए वर्ष में पुराने रीति रिवाज़, अन्धविश्वास, कुरीति, रूढ़िवादिता को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाना होगा, तभी नया वर्ष मनाना सार्थक होगा। सहायक शिक्षक हिरेश टंडन बच्चों को नए साल के शुरुआत में बुरी आदतों को छोड़कर अच्छी आदतें अपनाने की बात कही।

इस अवसर पर ठण्ड को ध्यान में रखते हुए हिमकल्याणी सिन्हा शाला के सभी बच्चों को वैसलीन जेली का वितरण किया गया। बच्चों का मुँह मीठा कर हर्षोल्लास के साथ नववर्ष मनाएं। इस अवसर पर पंचराम निषाद, मुन्नी यादव उपस्थित रहे। सभी ने इस अवसर पर बच्चों को अनेक शुभकामनाएं दीं।

# संपर्क कक्षाओं के समापन सत्र में छात्राध्यापकों ने साझा किए अनुभव

### समाधान महाविद्यालय में डीएलएड के प्रशिक्षार्थियों के लिए हुई 10 दिवसीय संपर्क कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



समाधान महाविद्यालय में पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित 10 दिवसीय प्रशिक्षण की कक्षाएं डीएलएड के प्रशिक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन में प्रशिक्षणार्थियों ने अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों को संपूर्ण पाठ्यक्रम के साथ लेसन प्लान, माइक्रो टीचिंग, शिक्षण विधि व प्रविधि से प्रशिक्षित कराया गया। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष निधि तिवारी ने बताया कि अच्छे शिक्षण के लिए विषयी ज्ञान को मजबूत करना व सही मानसिकता को लाना अनिवार्य है। प्रशासनिक अधिकारी व कार्यक्रम समन्वयक उमेश सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षक का मूल कर्तव्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचान कर विकास की ओर अग्रसर करना है। प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य सीख व समझ को व्यवहार में लाकर क्रियान्वित करना हैं। वरिष्ठ सहायक अध्यापक डॉ. जीडी मानिकपुरी अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि शिक्षक बगीचे के माली की तरह होता है, जो पौधों की देखभाल करता है और उन्हें विकसित करने में मदद करता है।

वह छात्रों को ज्ञान और कौशल प्रदान करता है और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करता है, जिससे वे अपने जीवन में सफल हो सकें। कार्यकम को सहायक प्राध्यापक रूपेंद्र डहरिया, सहायक प्राध्यापक योगेश्वर सिन्हा, सहायक प्राध्यापिका नंदिनी वर्मा ने भी संबोधित किया। छात्राध्यापक अरविंद, गोविंद साहू, मधु, आयुषी मिश्रा, गौतम और पायल ने अपने अनुभव साझा किए। वहीं, छात्राध्यापक बिनू सिंह नेताम ने हास्य कविता एवं अरविंद ने छत्तीसगढ़ी भाषा में कविता की प्रस्तुति दी। मंच संचालन छात्राध्यापक युवराज सिंह वर्मा व छात्राध्यापिका दीक्षा ध्रुव ने किया। प्रशिक्षणार्थियों ने सहायक प्राध्यापकों को पेन व पुष्प सम्मान स्वरूप प्रदान किए। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं डीएलएड प्रथम सेमेस्टर के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**स्थापना सहित सभी देनदारियों का भुगतान समय पर हो**

# बंद योजनाओं की मांगी गई राशि सप्ताह में दो दिन रहेंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा ऐसी योजनाएं जो शुरू नही की गई हैं या बंद हैं। उन कार्यो की शेष राशि को वापस मांगे गए है। वही राज्य शासन द्वारा डीएफएफ के तहत दिए जाने वाले मानव संसाधन पर शिकंजा कस दिया। जिसके तहत अब जिला प्रशासन डीएफएफ की मनमानी भर्ती नही कर सकेगी। यही नही राज्य शासन द्वारा गुड गवर्नेंस कायम रखने के लिए अधिकारियों को सोमवार और शुक्रवार को दफ्तर में बैठकर फरियादियों की समस्या सुनने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा के साथ विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी विभागीय स्थापना सहित सभी देनदारियों का भुगतान समय पर करना सुनिश्चित करें। देनदारियों जो आबंटन के अभाव में लंबित हो एवं अन्य लंबित देनदारियां के संबंध में जानकारियां उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने उक्त जानकारियां 3 जनवरी 2025 तक कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बंद योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि, बंद योजनाओं की खाते में जमा राशि शासन को वापस होगी। उन्होंने अधिकारियों को खाते में जमा राशि शासन के पक्ष में जमा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घनाओं के रोकथाम पर जोर देते हुए रोड सेफ्टी अंतर्गत दुर्घटनाएं रोकने अधिकारियों को कारगर पहल करने कहा।



कलेक्टर ने कहा मुख्यमंत्री अन्य पत्र, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन वेब द्वारा एवं पोस्ट द्वारा प्राप्त आवेदन, सार्थ-ई पोर्टल और पीजी पोर्टल के लंबित आवेदनों और समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और अधिकारियों को समयावधि के भीतर आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा) काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, बनारस, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 18500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport